मूल्य 1 रु.
वर्ष: 9 - अंक : 203, मुंबई, बुधवार, 23 अक्टूबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

आईएनएक्स केस

## चिदंबरम को सीबीआई मामले में जमानत

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- गवाहों को धमकाने के सबूत नहीं



संवाददाता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आईएनएक्स मीडिया केस के सीबीआई मामले में मंगलवार को पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम को जमानत दे दी। अदालत ने जमानत का विरोध करने पर सीबीआई से सख्त लहजे में कहा- चिदंबरम के विदेश भागने या गवाहों को धमकाने के सबूत नहीं हैं। जस्टिस आर. भानुमति की अगुआई वाली बेंच ने चिदंबरम को देश न छोड़ने की शर्त और एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दे दी।
(शेष पृष्ठ 5 पर)

**चिदंबरम ने 15 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी**

### ईडी ने दो घंटे तक पूछताछ की थी

आईएनएक्स मीडिया से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 16 अक्टूबर को पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम से करीब दो घंटे पूछताछ की थी। विशेष अदालत से अनुमति मिलने पर ईडी की टीम तिहाड़ जेल पहुंची थी। पूछताछ के बाद जांच एजेंसी ने चिदंबरम को जेल में ही गिरफ्तार कर लिया था।




## एंबुलेंस न मिलने से 25 वर्षीय एक्ट्रेस और उनके नवजात शिशु की मौत


### दो फिल्मों में लीड रोल निभाया था

**मुंबई।** महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में रविवार को समय पर एंबुलेंस न मिलने के कारण 25 वर्षीय मराठी एक्ट्रेस पूजा झुंजर और उनके नवजात शिशु की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि परिजन का कहना था कि यदि एंबुलेंस जल्दी मिल जाती तो एक्ट्रेस की जान बच सकती थी। पुलिस के अनुसार, एक्ट्रेस पूजा को रात 2 बजे प्रसवपीड़ा के कारण जल्दबाजी में गोरेगांव स्थित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र लाया गया था। (शेष पृष्ठ 5 पर)




पीएनबी घोटाला

## मेहुल चौकसी के मामले में सीबीआई कोर्ट में 2 नई याचिकाएं दायर




**मुंबई।** पीएनबी घोटाले के आरोपी मेहुल चौकसी के मामले में मुंबई स्थित सीबीआई अदालत में मंगलवार को दो याचिकाएं दायर की गईं। एक याचिका चौकसी के वकील विजय अग्रवाल और अंशुल अग्रवाल की ओर से लगाई गई। उन्होंने कहा कि चौकसी का पक्ष सुने बिना उसे घोषित अपराधी ठहराना न्याय के अधिकार के खिलाफ होगा।
(शेष पृष्ठ 5 पर)

## अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों ने जैश के 3 आतंकियों को मार गिराया

### नौशेरा में एक जूनियर अफसर शहीद

**सेना को सुबह अवंतीपोरा इलाके में आतंकियों के होने की सूचना मिली थी, इसके बाद क्षेत्र की घेराबंदी की गई**



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अवंतीपोरा इलाके में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जैश के 3 आतंकियों को मार गिराया। दरअसल, सुबह सेना को इस क्षेत्र में आतंकियों के होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। सुरक्षा बलों को इलाके की घेराबंदी करते देख आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।
(शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### मतदान के समय छलका पीएमसी खाताधारकों का दर्द

**मुंबई।** सोमवार को पंजाब ऐंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक के जीटीबी नगर और भांडुप शाखा के खाताधारकों का दर्द उस समय छलका, परिवार के लोग मतदान के लिए जा रहे थे। खाताधारकों का कहना था कि वे पीएमसी बैंक घोटाले की वजह से तंगहाली में गुजारा कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने किन मुद्दों को ध्यान में रखकर वोट दिया, तब कुछ खाताधारकों ने कहा कि सरकार की वजह से उन्हें परेशानी हुई हैं। उनके लिए यही बड़ा मुद्दा है।

भांडुप निवासी एक खाताधारक ने कहा कि पिछले 10 साल से वह पीएमसी बैंक में अपना पैसा जमा कर रहे थे, लेकिन अचानक त्योहार के मौसम में वह अपने ही खाते से पैसे निकाल नहीं पा रहे हैं। इसीलिए उन्होंने वर्तमान सरकार के खिलाफ मतदान किया।

एक अन्य खाताधारक के मुताबिक, उनकी मेहनत की कमाई पीएमसी बैंक में है, जबकि उन्हें पैसों के लिए दूसरों से मदद मांगनी पड़ रही है। इसके चलते उन्होंने अपने मताधिकार का इस्तेमाल ही नहीं किया। हालांकि, उनके भाई ने मतदान किया।

जीटीबी नगर के खाताधारक के मुताबिक, सरकार की गलत नीतियों और अधिकारियों की मिलीभगत से कुछ लोग पब्लिक का पैसा लेकर मौज कर रहे हैं। इसीलिए उन्होंने मतदान नहीं करने का फैसला लिया है। इसी तरह से सीटी को-ऑपरेटिव बैंक के बड़ी संख्या में खाताधारकों ने मतदान का बहिष्कार किया।

### पैदल चलकर वोट डालने पहुंचे 100 साल के खिलाड़ी राम शर्मा

**मुंबई।** मतदान को लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। महाराष्ट्र में वोटिंग की रफ्तार थोड़ी सुस्त दिखी। लेकिन इस सबसे बड़े उत्सव को लेकर बुजुर्ग मतदाताओं का जोश और जज्बा काबिल-ए-तारीफ रहा। सोमवार को मतदान के दौरान मुंबई से ऐसी ही कई तस्वीरें सामने आईं। यहां 90 से लेकर 100 साल तक के जागरूक मतदाता जब अपना वोट डालने पहुंचे तो हर किसी की नजरें टिकी रह गईं। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने ऐसे ही एक वोटर को आज का हीरो बताया। बता दें कि राज्य में विधानसभा की 288 सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न हो गया।

100 साल की उम्र में भी खिलाड़ी राम शर्मा ने लोकतंत्र के प्रति जज्बे और समर्पण की मिसाल कायम की है। खास बात यह है कि इतनी उम्र होने के बावजूद वह बिना किसी की मदद के अपने दम पर मतदान केंद्र तक पहुंचे। खिलाड़ी राम शर्मा ने भांडुप ईस्ट विधानसभा क्षेत्र के पवार पब्लिक स्कूल में स्थित पोलिंग बूथ में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। 100 साल के इस समर्पित वोटर ने मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए न तो वील चेयर का सहारा लिया न किसी का कंधा ढूंढा। वह एक छड़ी की मदद से पोलिंग बूथ पर पहुंचे और मतदान करने के बाद काफी खुश नजर आए।


### भाजपा विधायक के भाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**भाईंदर।** विधायक और मीरा-भाईंदर से भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र मेहता के भाई विनोद मेहता के खिलाफ नवघर पुलिस ने जबरन रोकने और मारपीट के मामले में शिकायत दर्ज की है। पुलिस ने विनोद मेहता के अलावा उनके तीन और साथियों पर भी मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि विनोद मेहता महापौर डिंपल मेहता के पति हैं। एफआईआर में दर्ज जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता शुभम सालसकर (23 ) और उसके तीन दोस्त मीरा-भाईंदर से निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप जंगम का प्रचार करते हुए प्रचार साहित्य बांट रहे थे। तभी आरोपी विनोद मेहता और उनके साथियों ने उन्हें जबरन चार पहिया कार में बैठा लिया। शुभम का आरोप है कि विनोद मेहता और उनके साथियों ने

# बीजेपी ने एग्जिट पोल को उम्मीद के मुताबिक बताया, विपक्ष ने खारिज किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में ज्यादातर एग्जिट पोल बीजेपीनीत एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिलने का अनुमान जता रहे हैं। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने सोमवार को कहा कि आंकड़े उसकी अपेक्षा के अनुरूप हैं जबकि विपक्षी पार्टी ने इन्हें खारिज करते हुए कहा कि असल तस्वीर इससे काफी बेहतर होगी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सोमवार को करीब 63 फीसदी मतदान हुआ। एग्जिट पोल के नतीजे छह बजे मतदान खत्म होने के चंद मिनट बाद ही जारी होने लगे। एग्जिट पोल में अपना वोट देकर मतदान केंद्र से जा रहे लोगों से बातचीत की जाती है।

इंडिया टुडे-एक्सिस के एग्जिट पोल में 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में बीजेपी-शिवसेना को 166-194 सीटें और कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन को 72-90 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। राज्य में बहुमत के लिए 145 सीटों की जरूरत होती है। न्यूज18-इप्सॉस के एग्जिट पोल में बीजेपी को 142 सीटें और उसकी सहयोगी शिवसेना को 102 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। इस सर्वे के अनुसार कांग्रेस और एनसीपी को केवल 17 और 22 सीटें ही मिल पाएंगी।




एबीपी-सी वोटर ने बीजेपी-शिवसेना को 204 सीटें और कांग्रेस-एनसीपी को 69 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। चुनाव का असल परिणाम 24 अक्टूबर को आएगा। एग्जिट पोल के बारे में पूछने पर महाराष्ट्र बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता माधव भंडारी ने कहा कि वे उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल सर्वेक्षण और आज के मतदान का प्रतिशत अपेक्षा के मुताबिक है। मतदान प्रतिशत भी 2014 के चुनाव जितना ही लगता है। इसमें कोई बड़ा अंतर नहीं लगता है।

भंडारी ने कहा कि बीजेपी अप्रैल-मई में हुए लोकसभा चुनाव में सरकार समर्थक लहर पर सवार थी और यही लहर विधानसभा चुनाव में भी बरकरार है। उन्होंने कहा कि यह लहर सीटों में बदलेगी। शिवसेना नेता शीतल म्हात्रे ने एक समाचार चैनल से कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि उसे और ज्यादा सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा, 'हम निश्चित रूप से 90-100 सीटें जीतेंगे। हम निश्चित हैं कि महायुक्ति सरकार गठित करेगी।'

एनसीपी के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने एग्जिट पोल के आंकड़ों पर सवाल किया। मलिक ने कहा, 'सर्वेक्षण के सैंपल का आकार क्या है? कभी एग्जिट पोल सही तस्वीर पेश करते हैं तो कभी गलत। लिहाजा साफ तस्वीर 24 अक्टूबर को पता चलेगी।' महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन सांवत ने भी सर्वेक्षण को खारिज किया। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल सटीक नहीं है। समाचार चैनलों ने दो दिन पहले ऑपिनियन पोल में अलग नतीजे बताए थे। ये बदलने जा रहे हैं। एग्जिट पोल में दिखाए गए आंकड़ों से हम काफी बेहतर करेंगे। 2014 में, बीजेपी और शिवसेना ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था और बीजेपी ने 122 तथा शिवसेना ने 63 सीटें जीती थीं।

## महाराष्ट्र में बदलाव होने वाला है: शरद पवार



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को यहां विश्वास जताया कि विधानसभा चुनावों के बाद महाराष्ट्र में बदलाव होने वाला है। राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए मतदान सोमवार को सुबह 7 बजे शुरू हुआ। 2014 में कांग्रेस और एनसीपी को सत्ता से बाहर करने वाले बीजेपी-शिवसेना का गठबंधन राज्य में दूसरी बार सत्ता में वापसी की कोशिश में है।

पवार, उनकी नातिन रेवती सुले और दामाद सदानंद सुले ने सुबह दक्षिण मुंबई के एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। पवार ने बाद में संवाददाताओं से कहा, 'युवा लोग बदलाव चाहते हैं। बीजेपी और शिवसेना ने राज्य पर शासन किया और लोगों को उम्मीद थी कि उनकी उम्मीदें पूरी होंगी। उनके विश्वास के साथ धोखा किया गया है।'

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि महाराष्ट्र कृषि और उद्योगों जैसे क्षेत्रों में पिछड़ गया है और नौकरियां भी खत्म हुई हैं। उन्होंने कहा, 'इन सब चीजों से लोगों को परेशानी होती है ... मुझे राज्य भर में अच्छी प्रतिक्रिया मिली (चुनाव प्रचार के दौरान)। मुझे कोई संदेह नहीं है कि बदलाव होने वाला है।' चुनाव परिणाम 24 अक्टूबर को आएंगे।

## कोलाबाः लिफ्ट में फंसा महिला का पैर, मौत

**मुंबई।** जरा सा ध्यान बंटने पर जान गंवाने की एक दर्दनाक घटना कोलाबा में सामने आई है। यहां 51 साल की एक महिला की लिफ्ट में फंसने से मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त आरती परदेसी के रूप में हुई है। पुलिस ने ऐक्सिडेंटल डेथ का मामला दर्ज कर लिया है। वह कोलाबा में आरसी चर्च के पास विजया अपार्टमेंट में एक घर में काम करती थी। आरती सोमवार को दोपहर 12:15 बजे अपनी मालकिन के घरेलू कुत्ते को बाहर घुमाने के लिए उनके तीसरे माले के फ्लैट से बाहर निकली और तीसरे और दूसरे माले के बीच आरती का पैर उसके दरवाजे में फंस गया।

## बीएसपी वर्कर ने ईवीएम मशीन पर फेकी स्याही, लगाए मुर्दाबाद के नारे

ठाणे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की वोटिंग के दौरान बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के एक कार्यकर्ता ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर स्याही फेंक दी। ठाणे के एक पोलिंग बूथ में मशीन पर स्याही फेंकते हुए नेता ने ईवीएम के खिलाफ नारेबाजी भी की। आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है।

ठाणे हेड पोस्ट ऑफिस में सोमवार को वोटिंग के दौरान यह घटना हुई। आरोपी बीएसपी कार्यकर्ता की पहचान सुनील खाम्बे



के तौर पर हुई है, जो कि स्थानीय नेता है। आरोपी ने अपना वोट डालने के बाद अचानक से मशीन पर स्याही फेंकना शुरू कर दिया। आरोपी ने अचानक से डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर का नाम लेकर नारा लगाना शुरू कर दिया। वह स्याही फेंकते हुए 'ईवीएम मशीन मुर्दाबाद' और 'ईवीएम मशीन नहीं चलेगा' के नारे लगाने लगा।

आरोपी की इस हरकत पर वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने फौरन उसे काबू में करके पुलिस वैन में डाल दिया। आरोपी को पुलिस स्टेशन लेकर जाया गया। इस दौरान उसने कहा कि ईवीएम से लोकतंत्र का मजाक उड़ रहा है, इसलिए ऐसा किया। उसने बैलट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग की।

गौरतलब है कि बीजेपी और विपक्षी दलों के बीच ईवीएम को लेकर आरोप-प्रत्यारोप चलता रहता है। महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने चुनाव आयोग को ईवीएम और बैलट बॉक्स के संयोजन की प्रणाली से मतदान कराने का सुझाव दिया था। उन्होंने राजनीतिक दलों से इस विकल्प पर विचार करने का आग्रह किया था।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–दिलशाद एस खान द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: दिलशाद एस खान, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# सरकारी पैसा खत्म, अपने पैसे से खाना खिला रहे आंगनवाड़ी वर्कर

**मुंबई।** महाराष्ट्र की कर्जत तालुका में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (सेविकाएं) पिछले नौ महीनों से अपने पैसों से आदिवासी बच्चों को खाना खिला रहे हैं। राज्य सरकार की तरफ से फंड आने में देरी होने के बाद सेविकाओं ने यह कदम उठाया। वह छह साल तक के बच्चों को अपने पैसों से खाना पका कर खिला रही हैं। इस कारण उन्हें अपने घर का खर्चा चलाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



कर्जत तालुका में 132 आंगनवाड़ी हैं। इन सभी को राज्य सरकार की योजना के तहत आदिवासी इलाकों में पोषण की कमी दूर करने के लिए फंड दिया जाता है। इसके तहत गर्भवती मां और छोटे बच्चों को रोजाना कम से कम एक समय खाना दिया जाता है। एक आंगनवाड़ी सेविका ने बताया कि हमेशा ही चार महीने तक फंड देरी से आता है। ऐसा पहली बार है कि इतने समय से पैसा नहीं आया। उनका कहना है कि लंबे समय तक वह ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि उन्हें खुद ही अगस्त से वेतन नहीं मिला है। वहीं, आदिवासी विकास विभाग का कहना है कि 26 लाख रुपये जारी किए गए जो पहुंचने वाले हैं।

# गोदाम में लगी भीषण आग, करोड़ों का हुआ नुकसान

**भिवंडी।** भिवंडी के लोनाड गांव स्थित फ्यूचर कंपनी के गोदाम में सोमवार की सुबह अचानक आग लग गई। लगभग सवा लाख वर्ग फुट में फैले इस गोदाम में बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक सामान भरा था। इसके कारण आग ने तेजी से पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। गोदाम में आग लगने की सूचना मिलने पर भिवंडी मनपा सहित ठाणे, कल्याण एवं उल्हासनगर मनपा अग्निशमन दल के जवानों ने घंटों कड़ी मेहनत करके आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक गोदाम में रखा करोड़ो रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर खाक हो गया था।

पुलिस के अनुसार, भिवंडी तालुका के पड़घा-कल्याण रोड पर लोनाड गांव में फ्यूचर कंपनी का गोदाम है, जिसमें मोबाइल, टीवी, फ्रिज एवं एसी सहित विभिन्न प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक सामान रखा गया था। यह गोदाम इतना बड़ा था कि यहीं से पूरे देश में टीवीएस कंपनी के इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति की जाती थी। इसके कारण मतदान के दिन इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में लगी आग संदेह की नजर से देखी जा रही है। गोदाम में अचानक आग लगने के कारणों का सही पता नहीं चला है। गोदामों में आग की वजह हमेशा शॉर्ट सर्किट बताई जाती है, ताकि एंश्योरेंस क्लेम किया जा सके। पड़घा पुलिस इस दृष्टिकोण से भी आगजनी की जांच कर रही है।

इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में सोमवार की अलसुबह अचानक आग लग गई थी। आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते पूरे गोदाम को उसने अपनी चपेट में ले लिया था। गोदाम से निकलने वाले धुएं के कारण लगभग पांच किलोमीटर तक कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोदाम से निकलने वाले धुएं का असर लगभग 12 किलोमीटर तक रहा। लगभग छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन दल के जवानों ने आग पर काबू पाया।

# अब एक दिन में 6 डिग्री चढ़ा पारा

**मुंबई।** तापमान में हो रहे बदलाव से स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में स्वास्थ्य विशेषज्ञ लोगों को अधिक सतर्कता बरतने का निर्देश दे रहे हैं। हाल ही में एक दिन में 6 डिग्री सेल्सियस तापमान गिरने के बाद सोमवार को एक ही दिन में तापमान में 6 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है।

सोमवार को मतदान का दिन और उस पर तीखी धूप के कारण लोगों मुसीबतों का सामना करना पड़ा। कई बूथ पर शेड न होने के कारण लोग धूप में लाइन में लगे रहें। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को मुंबई शहर का तापमान 26.4 जबकि उपनगर का 26.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सोमवार को बढ़कर शहर का 32.5 डिग्री और उपनगर का 33.1 डिग्री सेल्सियस हो गया। मौसम जानकारों ने बताया कि बादल छंटने के कारण धूप का असर अधिक दिखने लगा, जिसके कारण एक ही दिन में तापमान में इतनी बड़ी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। हालांकि वर्तमान सिस्टम के अनुसार फिर से तापमान में गिरावट हो सकती है।

मौसम जानकार दिनेश मिश्र ने कहा कि अरब सागर में फिर से एक कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसके कारण आने वाले दिनों में फिर से मुंबई में हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान आसमान में बादल भी छाए रह सकते हैं। बता दें कि मौसम विभाग की तरफ से सोमवार को मुंबई और आसपास के इलाकों में बारिश की संभावना जताई गई थी, लेकिन लोगों को धूप के कारण परेशानियां झेलनी पड़ी।

डॉक्टरों ने बताया कि मौसम में उतार-चढ़ाव से संक्रामक बिमारियों की समस्या बढ़ने की संभावना अधिक हो जाती है। नतीजतन लोगों को अधिक सचेत रहने की जरूरत है। बुजुर्गों और एलर्जी की समस्या से परेशान लोगों को अतिरिक्त ध्यान देने की जरूरत है।

# पहले विस्थापित किया, फिर मताधिकार छीना

**मुंबई।** सोमवार को माहुल गांव में बड़ी संख्या में लोग मतदान नहीं कर पाए। उनका आरोप है कि सरकार ने उनके खिलाफ साजिश की है। पहले उन्हें मूल स्थान से विस्थापित किया और फिर उनके मताधिकार को भी छीन लिया। उन्हें अगले पांच साल तक मतदान नहीं करने का मलाल रहेगा।

सामाजिक कार्यकर्ता बिलाल खान ने बताया कि विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित लोगों को माहुल बसाया गया है। वहां की हवा प्रदूषित है, इसलिए वे सरकार के खिलाफ सड़क से लेकर अदालत तक लड़ाई लड़ रहे हैं। माहुल के लोगों को अदालत में मिली जीत से सरकार की खूब किरकिरी हुई है, लेकिन इससे सरकार और प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। माहुल के लोगों का मतदाता सूची से नाम काट दिया गया। इसकी वजह से तकरीबन माहुल के 1500 लोग मतदान नहीं कर पाए।

घाटकोपर से माहुल विस्थापित हुए संजय राजोरिया कहते हैं, 'हमें माहुल में विस्थापित किया गया और अब उनके परिवार का मतदाता सूची से नाम काट दिया गया। माहुल में लंबे समय से लोग रहते हैं, उनका उनके मूल स्थान की मतदाता सूची में नाम है, लेकिन हमारे परिवार का नाम काट दिया गया। इससे निराशा हुई है और मतदान नहीं कर पाने का मलाल है।'

रामजीत गुप्ता ने बताया कि उनका परिवार मतदान करने गया था, लेकिन मतदाता सूची से नाम गायब था। यह एक तरह से मूल स्थान से उजाड़ने की कोशिश है। एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि मतदाता सूची में नाम नदारद होना एक साजिश है। सत्ताधारी पार्टियों को डर था कि जिस तरह से माहुल के लोग परेशान हुए हैं और सरकार ने प्रदूषित क्षेत्र में उन्हें मरने के लिए छोड़ दिया है, उससे नाराज लोग सरकार के खिलाफ वोट करेंगे। यही वजह है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाए।

# मुझे नहीं लगता कि देश में हिंदू नेता असुरक्षित हैं : आरएसएस नेता

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव भैयाजी जोशी ने सोमवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि देश में हिंदू नेता असुरक्षित हैं। हालांकि जोशी ने यह भी कहा कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से यहां बात करते हुए कहा कि हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर को उचित सम्मान मिलना चाहिए। हिंदू नेताओं की सुरक्षा के बारे में जोशी का यह बयान हिंदू महासभा के एक धड़े के पूर्व नेता कमलेश तिवारी की पिछले हफ्ते लखनऊ में हुई हत्या के बाद आया है। संघ के वरिष्ठ नेता ने यहां महाल इलाके में महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिये अपना मत डालने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में ये बात कही। यह पूछे जाने पर कि क्या संघ महसूस करता है कि हिंदू नेता देश में असुरक्षित हैं, जोशी ने कहा, मुझे नहीं लगता कि वे असुरक्षित हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा (सुनिश्चित) करने की जरूरत है। तिवारी की मां के आरोप के बारे में एक सवाल पूछे जाने पर जोशी ने कहा कि सरकार को उन्हें जवाब देना चाहिए और वह देगी। तिवारी की मां ने अपने




आरोप में कहा था कि सरकार हिंदुओं के हितों के लिया काम नहीं कर रही। वीर सावरकर को भारत रत्न की भाजपा की मांग और कांग्रेस नेताओं द्वारा इस प्रस्ताव के विरोध के बारे में पूछे जाने पर जोशी ने कहा, हम नहीं जानते कि कांग्रेस क्या कह रही है। हम चाहते हैं कि ऐसे व्यक्ति (सावरकर) जिनसे देश को प्रेरणा मिलती है, उन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए।

# स्वाभिमानी पक्ष के उम्मीदवार को गोली मारी

**नागपुर।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों ने किसान समर्थक संगठन स्वाभिमानी पक्ष के उम्मीदवार को उस वक्त गोली मार दी जब वह अपने काम में कहीं जा रहे थे, हमलावरों ने इस दौरान उन्हें उनकी कार से निकाल कर उनके साथ मार-पीट भी की थी। शेनदूरजना घाट पुलिस थाने के पुलिस निरीक्षक मारुति गेदाम ने बताया कि हमलावरों ने बाद में उनकी कार को आग लगा दी । उन्होंने बताया कि यह घटना यहां से 150 किलोमीटर दूर अमरावती के मालखेड रोड पर हुई । गेदाम ने बताया कि स्वाभिमानी पक्ष के उम्मीदवार देवेंद्र भूयार मोरशी सीट से चुनाव मैदान में हैं । वह कुछ कार्यकताओं के साथ कार में वरूद जा रहे थे कि सुबह लगभग साढ़े पांच बजे मोटरसाइकिल पर तीन नकाबपोश आये और उन पर गोली चला दी ।



उन्होंने बताया कि हमलावरों ने बाद में जबरदस्ती उनकी गाड़ी रोकी, उन्हें उतार कर उनकी जमकर पिटाई भी की । अधिकारी ने बताया कि इसके बाद उन्होंने भूयार की कार पर पेट्रोल डाल कर उसमें आग लगा दी और मौके से भाग गए । उन्होंने बताया कि भूयार को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी स्थित सामान्य है । भूयार का संगठन कांग्रेस और राकांपा के साथ मिल कर चुनाव लड़ रहा है।

# वोटिंग पर दिखा आरे का असर

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया है फिलहाल यथास्थिति बनाए रखना का फैसला



**मुंबई।** सोमवार का दिन मुंबईकरों के लिए बेहद खास रहा। एक तरफ जहां तमाम मुंबईकरों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने आरे में 15 नवंबर तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। पिछले एक महीने से सुर्खियों में रहा आरे का मुद्दा वोटिंग के दिन भी चर्चा में रहा। नतीजतन कुछ लोगों ने जहां आरे के पेड़ों की कटाई से नाराज होकर वोट नहीं दिए, वहीं कइयों ने आरे के साथ न खड़ी होने वाली राजनीतिक पार्टियों के खिलाफ वोट दिया। मतदान शुरू होते ही लोग बूथ पर जुटने लगे थे। चढ़ते दिन के साथ वोटिंग का भी प्रतिशत बढ़ने लगा और इसी के साथ ही सोशल मीडिया पर 'वोटेड फॉर आरे'(आरे के लिए वोट) के संदेश भी घूमने लगे। आरे के लिए लड़ाई लड़ने वाले लोग वोटिंग के लिए जाने वालों से एक ही अपील कर रहे थे कि अपने मताधिकार का इस्तेमाल सोच समझ कर करना। 'हमें उन्हें ही आगे बढ़ाना है, जो पर्यावरण संरक्षण पर जोर देता हो।' पिछले दिनों अपने घर के दरवाजे पर वोट के लिए न आने का नोटिस लगाकर सोशल मीडिया पर वायरल हुए अगस्टिन डिसूजा ने बताया कि मुंबई के लिए आरे बेहद जरूरी है। चूंकि वर्तमान सरकार आरे को काटने पर तुली है, इसलिए उन्होंने सरकार के खिलाफ वोटिंग की।

**नोटा भी हुआ इस्तेमाल:** पर्यावरण कार्यकर्ता प्राची सिंह ने बताया कि आरे को बचाने के लिए वह लंबे समय से लड़ रही हैं। सोमवार को मतदान के दिन आरे कॉलोनी के पेड़ काटे जाने से नाराज प्राची ने किसी भी पार्टी को वोट न देकर नोटा का इस्तेमाल किया। प्राची की तरह ही कई और युवाओं ने आरे के लिए नोटा का विकल्प चुना। बता दें कि फिलहाल आरे का मामला सुप्रीम कोर्ट में है। मतदान के दिन सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई में कोर्ट ने पेड़ों की कटाई पर लगी रोक को यथावत रखा है। हालांकि आरे में मेट्रो भवन बनाने की शुरूआत होने के साथ इस मुद्दे को लेकर आरे की लड़ाई लड़ रहे लोग काफी सतर्क हो गए हैं। पर्यावरण प्रेमी स्टेलिन डी ने कहा कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने 15 नवंबर तक पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की बात कही, बल्कि एमएमआरसीएल से वहां होने वाले अन्य कमर्शल गतिविधियों की भी जानकारी मांगी है। यह बात सभी पर्यावरण प्रेमियों के लिए राहत भरी है।

# माँ के प्रेमी की हत्या के आरोप में 21 वर्षीय युवक गिरफ्तार

**मुंबई।** पुलिस ने 21 वर्षीय एक युवक को यहां बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स बस अड्डे पर अपनी मां के कथित प्रेमी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को शक था कि परवेज शेख के उसकी माँ के साथ अवैध संबंध हैं। उन्होंने कहा कि घटना सोमवार रात 10 बजे हुई जब आरोपी को यह पता चला कि उसकी माँ बस अड्डे पर परवेज शेख के साथ बैठी है। इस बात का पता लगते ही आरोपी घटनास्थल पर पहुंचा और परवेज



पर ईंट से प्रहार किया। अधिकारी ने बताया कि प्रहार के कारण परवेज का चेहरा बुरी तरह जख्मी हो गया और अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। राहगीरों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक प्रदीप भोसले ने बताया कि आरोपी एम एच साबू सिद्दिक कॉलेज का छात्र है जहाँ वह इलेक्ट्रॉनिक्स में डिप्लोमा कर रहा था। उन्होंने कहा कि आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**चिदंबरम को सीबीआई मामले में जमानत**

हालांकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर मामले में उन्हें 24 अक्टूबर तक जेल में ही रहना होगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अगर चिदंबरम की किसी और मामले में जरूरत न हो, तो उन्हें रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के 30 सितंबर के फैसले को रद्द किया है। इस फैसले में चिदंबरम की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। चिदंबरम ने 15 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। इसके बाद सीबीआई ने आईएनएक्स मीडिया केस में चिदंबरम के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। सीबीआई ने चार्जशीट में आरोप लगाया था कि चिदंबरम ने वित्त मंत्री रहते हुए रिश्वत लेकर आईएनएक्स मीडिया को 2007 में 305 करोड़ रु. लेने के लिए विदेशी निवेश प्रोत्साहन बोर्ड से मंजूरी दिलाई थी। इस निर्णय प्रक्रिया में कई सरकारी अधिकारी भी शामिल थे, जिनमें से एक का नाम सीबीआई चार्जशीट में हो सकता है। हालांकि, इंद्राणी मुखर्जी और पीटर मुखर्जी के करीबी माने जा रहे इस अधिकारी के नाम का खुलासा नहीं हुआ। सीबीआई की चार्जशीट में इंद्राणी सरकारी गवाह हो सकती हैं। फिलहाल, वे बेटी शीना बोरा की हत्या के मामले में जेल में बंद हैं।

**एंबुलेंस न मिलने से 25 वर्षीय एक्ट्रेस...**

वहां प्रसव के कुछ ही मिनट बाद उनके नवजात शिशु की मौत हो गई थी। इसके बाद डॉक्टरों ने परिजन से पूजा को हिंगोली सिविल हॉस्पिटल ले जाने की बात कही थी, जो गोरेगांव से करीब 40 किमी दूर था। ऐसे में उनके परिजन बहुत देर तक एंबुलेंस ढूंढते रहे। जैसे-तैसे परिजन ने एक प्रायवेट एंबुलेंस की व्यवस्था की मगर एक्ट्रेस पूजा ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पूजा झुंजर ने दो मराठी फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद प्रेग्नेंसी के कारण उन्होंने काम से ब्रेक लिया था।

**अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों ने जैश के 3 आतंकियों...**

जवाबी कार्रवाई में तीनों आतंकी मारे गए। पुलिस ने बताया कि आतंकियों के पास से गोला-बारूद बरामद किया गया। दूसरी तरफ, नौशेरा सेक्टर में आतंकियों ने नियंत्रण रेखा से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित पोस्ट को निशाना बनाया। इस दौरान हुई गोलीबारी में भारतीय सेना का एक जूनियर अफसर शहीद हो गया। बालाकोट सेक्टर के मेंढर में पाकिस्तानी सेना द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया, जिसमें एक 60 साल की महिला घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए राजौरी के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने बताया कि महिला के पेट में बाईं ओर गोली लगी है।

**पीएनबी घोटाला**

बता दें सीबीआई ने चौकसी को घोषित अपराधी ठहराकर संपत्तियां अटैच करने की अपील की थी। दूसरी याचिका चौकसी की कंपनी गीतांजलि जेम्स के पूर्व निदेशक ए एस नायर ने लगाई। उन्होंने गीतांजलि जेम्स के सर्वर पर स्टोर डेटा की कॉपी मांगी। सीबीआई ने डेटा जब्त किया था। चौकसी के वकीलों ने गैर जमानती वारंट रद्द करने की मांग भी की। दूसरी ओर ए एस नायर ने कहा- सीबीआई की जिम्मेदारी बनती है कि जो भी सामग्री जब्त की है उसे रिकॉर्ड में लाए, ताकि बचाव पक्ष मजबूती से तैयारी कर सके। अदालत ने दोनों याचिकाओं पर सीबीआई से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 23 अक्टूबर को होगी। 14 हजार करोड़ रुपए के पीएनबी घोटाले का आरोपी मेहुल चौकसी एंटीगुआ-बारबुडा में रह रहा है। फरवरी 2018 में पीएनबी घोटाले के खुलासे से पहले ही वह विदेश भाग गया था। उसने पिछले साल जनवरी में एंटीगुआ-बारबुडा की नागरिकता हासिल कर ली थी।







दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 7



➤ सोमवार को 164 वर्सोवा विधानसभा क्षेत्र में मतदान करके निकले जहूर आजमी सपा नेता, साथ में कट्टर शिवसैनिक नयन अजगावकर और साथ में है जोगेश्वरी सोश्यल फॉउंडेशन के अतीक खान गब्बर और अन्य साथी..!



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव: पैदल चलकर वोट डालने पहुंचे 100 साल के खिलाड़ी राम शर्मा

# बच्चों संग खोजा समाज की दीवाली

## गरीब बच्चों के चेहरों पर मुस्कान







**देश** में दीवाली का माहौल है। हर तरफ दीवाली की रौनक है। दीवाली की इस रौनक को उन बच्चों के चेहरे पर बसाने का प्रयास भी किया गया जिनकी दीवाली शायद उतनी अच्छी और खुशहाल नहीं मानती हो। मुंबई के अँधेरी स्थित लोखंडवाला की गलियों के गरीब बच्चों को जो स्ट्रीट स्कूल में पढ़ते हैं, उनकी दीवाली को खास बनाने के लिए जोगेश्वरी स्थित बहराम बाग का खोजा समाज खड़ा हुवा। खोजा आर ई सी टीम ने स्ट्रीट स्कूल के गरीब बच्चों से मुलाकात किया, उनके साथ कुछ पल बिताये, दीवाली की खुशियां बांटी, खाने के डब्बे दिए, दीवाली के दिए बांटे और उनके जीवन की हर कामना पूरी होने की दुआ की। इन बच्चों का हौसला बढ़ाया और कहा की जल्द ही इन बच्चों के जीवन में बड़े बदलाव आएंगे। खोजा समाज के साथ दीवाली मन कर बच्चे भी बेहद खुद थे, उनके चेहरों पर मुस्कराहट थी जिसे देखने खोजा समाज उनके बीच पहुंचा था। अपने आप को ये बच्चे खुशकिस्मत कह रहे थे क्योंकि इनके बीच कोई था जिसने इनकी दीवाली को खास बनाया। देश में जिस तरह के हालात हैं, जिस तरह चरों और धर्म की राजनीती की जा रही है, जिस तरह धर्म के नाम पर नफरत फैलाई जा रही है, ऐसे माहौल में खोजा समाज का ये प्रयास सराहनीये है जो बच्चों के साथ दीवाली का त्यौहार मन रहा है ये सोच कर कि ये भारत का त्यौहार है। इस मौके पर प्रिंसिपल इसमत, वाईस प्रिंसिपल अमरीन, रूपा और टीम के अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# मरीजों संग दीवाली की खुशियां बांटती सुंदरी ठाकुर

















नारी सम्मान संगठन की अध्यक्षा सुंदरी ठाकुर ने दीवाली का शुभारम्भ किया मुंबई के कूपर हॉस्पिटल में। सुंदरी ठाकुर के साथ दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान, समाज सेवक शफीक रेडियो वाला, एडवोकेट काजी, समय राष्ट्रीय न्यूज के संपादक सलामत अली और समाजसेवक खलील शेख के कई लोग दीवाली के इस खास कार्यक्रम में शामिल हुये, जहाँ कूपर हॉस्पिटल के मरोजों से मुलाकात करके उनके साथ दीवाली मनाई गई। इस मौके पर सुंदरी ठाकुर ने न सिर्फ मरीजों के साथ कुछ समय बिताया बल्कि उन्हें फल, जूस और बिस्किट भी दिए। सुंदरी ठाकुर के साथ गए सभी लोगों ने इनकी अच्छी सेहत की कामना की और उम्मीद की जल्द से जल्द ये मरीज ठीक हो कर घर वापस जाएँ और अपने परिवार के साथ दीवाली मनाएं। हॉस्पिटल में कुछ व्यवस्था में कमी होने की वजह से सुंदरी ठाकुर ने नाराजगी जताई। वैसे दीवाली त्यौहार ही ऐसा है जो जिसमें दीयों की रौशनी है, खुशियों की चाह है, तोहफे देने और लेने की प्रथा है। और इसी खुशी को हासिल करने और बांटने के लिए पिछले कई सालों से हर साल सुंदरी ठाकुर, दिलशाद खान, एडवोकेट काजी इसी तरह दीवाली का शुभारम्भ करते हैं और हॉस्पिटल में जाकर मरीजों से हाल चाल जानते हैं। साथ ही उन्हें स्वस्थ रहने की कामना करते हैं।

# ईशू दतवानी, फाउंडर, अनमोल की धनतेरस से उम्मीदें



**सोने** की बढ़ती कीमतों के बावजूद, इस त्यौहारी सीजन में खरीदारी का रुझान सामान्य रहा है, जो कि एक बहुत ही सकारात्मक संकेत है। यह शादी के सीजन की शुरूआत भी है, इसलिए छोटे और बड़े आइटम की अच्छी मांग है। अनमोल में हम, हमेशा बदलते समय के साथ खुद को बदलने और बेहतर बनाने में विश्वास करते हैं, यही वजह है कि हमारा ब्रांड हमेशा डिजाइन में नवीनता के मामले में सबसे आगे रहा है। हमने अपनी मार्केटिंग स्ट्रैटजी में गैर-पारंपरिकवादी दृष्टिकोण अपनाया है, इसके तहत शानदार डिजाइन प्रदर्शित करने के लिए सेलिब्रिटी और स्टाइलिस्ट के साथ गठजोड़ और ब्लॉगर्स के साथ इनोवेटिव कैंपेन के माध्यम से हमने अपने डिजाइन का प्रदर्शन किया है, साथ ही युवा उपभोक्ताओं, विशेष रूप से युवा दुल्हनों को ध्यान में रखा है। हम पिछले कुछ वर्षों से एक मजबूत डिजिटल उपस्थिति स्थापित करने में कामयाब रहे हैं और हमारी मार्केटिंग एक्टिविटीज भी हमारी डिजिटल उपस्थिति को बढ़ावा देने में मददगार रही हैं। 33 साल पुराना ब्रांड होने के साथ अनमोल ने पिछले कई वर्षों से ग्राहकों के मन में एक बहुत मजबूत उपस्थिति दर्ज की है जो हमें प्रतिस्पर्धा में बढ़त दिलाती है, जिसके चलते हमारे ग्राहक हमेशा अनमोल को ही पसंद करते हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए, हम पिछले 2 वर्षों की तुलना में इस धनतेरस पर बिक्री के मामले में कम से कम 20-25% ग्रोथ की उम्मीद कर रहे हैं।

# आदित्य पेठे, डायरेक्टर, डब्ल्यूएचपी ज्वैलर्स की धनतेरस से उम्मीदें



**हमें** ईकॉमर्स पर बुलियन की बिक्री में जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिला है। स्टोर के स्तर पर, अब तक त्योहारी सीजन औसत रहा है। हालांकि हमने दशहरा पर बिक्री की, लेकिन अभी तक शादी की खरीदारी में तेजी आना बाकी है। हमें उम्मीद है कि धनतेरस के दौरान हमारा साल दर साल का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। त्योहारी सीजन होने के कारण, हर साल की तरह इस साल भी हमें गणेश उत्सव के बाद से चांदी के आर्टिकल्स की बिक्री में तेजी दिखाई दी है। लाइट वेट डायमंड ज्वैलरी के साथ-साथ 3 लाख से कम के डायमंड सेट हमारे खरीदारों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। कुल मिलाकर यदि मैं ऑनलाइन और ऑफलाइन बिक्री को जोड़ दूं, तो हमने अच्छा कारोबार किया है।



# कमलेश तिवारी मर्डर केस: पुलिस ने दोनों आरोपियों की तस्वीर जारी की





**लखनऊ।** यूपी पुलिस ने हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी की हत्या के आरोपियों की तस्वीरें जारी कर दी हैं। दोनों आरोपियों का नाम अशफाक और मोइनुद्दीन है। उधर, कमलेश तिवारी की हत्या कर भागे दोनों आरोपियों को रविवार देर रात शाहजहांपुर में देखा गया। दोनों गौरीफंटा से होते हुए नेपाल भागने की फिराक में थे, लेकिन कड़ी चेकिंग के कारण सफल नहीं हो पाए। डीजीपी ओपी सिंह ने दोनों पर ढाई-ढाई लाख रुपये का इनाम घोषित किया है।

वारदात के बाद दोनों हत्या आरोपी के ट्रेन से बरेली पहुंचने और वहां के निजी अस्पताल में इलाज करवाने की जानकारी सामने आने के बाद से ही पुलिस और एसटीएफ की टीमें बरेली और आसपास के शहरों में तलाशी अभियान चला रही हैं। पुलिस को स्थानीय लोगों से यह भी पता चला कि शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के पूछताछ काउंटर पर दोनों संदिग्धों ने ट्रेन के बारे में पता किया।

शहर के सीसीटीवी फुटेज में दोनों स्टेशन रोड से अशफाक नगर जाते दिखे। रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक होटल के मैनेजर राजेंद्र कुमार ने बताया कि लखनऊ से आई पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी के फुटेज देखे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फुटेज में दो संदिग्ध रविवार रात 12 बजे रेलवे स्टेशन से शहर की ओर जाते हुए दिख रहे हैं। रोडवेज के स्टेशन अधीक्षक सुशील त्रिवेदी ने बताया कि एसआईटी ने बस अड्डे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के बारे में पूछा। बस अड्डे पर मौजूद यात्रियों से संदिग्धों की पहचान करवाने की भी कोशिश की। सोमवार को यूपी पुलिस ने मामले के तीन आरोपियों को गुजरात की अहमदाबाद कोर्ट में 72 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद लखनऊ लेकर आई। इसके अलावा महाराष्ट्र एटीएस ने मामले के एक अन्य आरोपी सैयद असीम अली को नागपुर कोर्ट के समक्ष पेश करके ट्रांजिट रिमांड मांगी। शनिवार को यूपी और गुजरात पुलिस की जॉइंट टीम ने मौलाना मोहसिन शेख (24), खुर्शीद अहमद पठान (23) और फैजान को सूरत से गिरफ्तार किया था। बता दें कि 18 अक्टूबर को लखनऊ के नाका इलाके में कमलेश तिवारी की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

## गुजरात के भावनगर में तीन भाई झील में डूबे

**भावनगर।** गुजरात के भावनगर जिले की एक झील में तीन भाइयों की डूबने से सोमवार को मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि तीनों भाइयों की उम्र 6 साल से 10 साल के बीच है।

यह घटना दोपहर को पालीताणा ताल्लुका के वीरपुर गांव की है। उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासी सुखाभाई चौहान के बेटे हार्दिक (छह), चिराग (आठ) और पृथ्वी (10) झील में नहाने के लिए गए थे, लेकिन डूब गए।

अधिकारी ने बताया कि आसपास के लोग बच्चों को बचाने के लिए झील में कूदे, लेकिन उन्हें बचा नहीं पाए। बाद में स्थानीय लोगों ने थोड़ी देर बाद शवों को बाहर निकाला।

## संत रविदास मंदिर वहीं बनेगा, दोगुनी जमीन देगी केंद्र सरकार, आंदोलन पर अड़े प्रदर्शनकारी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजधानी के तुगलकाबाद में पुरानी जगह पर ही संत रविदास का मंदिर बनाने की इजाजत दे दी है। कोर्ट के निर्देश पर ही डीडीए ने मंदिर गिराया था। कोर्ट ने इससे जुड़े केंद्र के प्रस्ताव को सोमवार को स्वीकार कर लिया, जिसमें मंदिर को फिर से बनाने के लिए 200 के बजाय 400 वर्गमीटर जमीन देने की बात भी शामिल है। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि श्रद्धालुओं की भावनाओं, आस्था को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया है। कोर्ट के पूछने पर सरकार ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए सरकार कमिटी बनाएगी।

कोर्ट ने 6 हफ्ते में कमिटी बनाने को कहा। तय जगह के आसपास कमर्शल गतिविधि नहीं होगी। आंदोलनकारी संतुष्ट नहीं हैं। संत गुरु रविदास जयंती समारोह समिति के प्रवक्ता ने कहा कि 12 बीघा से अधिक जमीन छीनी थी, अब सिर्फ 400 वर्गमीटर दे रहे हैं। आंदोलनकारी जल्द रणनीति की घोषणा करेंगे। 10 नवंबर को बड़ी रैली की तैयारी है।

संत रविदास मंदिर हटाए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से अनुयायी खुश नहीं हैं। उनका मानना है कि केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की आड़ में दलितों के साथ न्याय नहीं किया है। अनुयायी संत व नेता जल्द ही इस स्थिति के खिलाफ अपनी रणनीति की घोषणा करने वाले हैं। इस कड़ी में 10 नवंबर को एक बड़ी रैली और धरना करके आंदोलन को आगे बनाए रखना चाहते हैं।

आंदोलनकारी संगठन संत गुरु रविदास जयंती समारोह समिति के प्रवक्ता अशोक भारती ने बताया कि रविदास समाज इन हालातों से नाराज है। उन्होंने कहा कि मंदिर की ही 12 बीघा से अधिक जमीन छीनने के बाद हमें ही 400 वर्ग मीटर की जमीन दी जा रही है। बेशक सुप्रीम कोर्ट ने भूमि का दायरा बढ़ाया है और मंदिर पक्का बनाने की अनुमति दी है। इस सबके बावजूद दलितों के हित में तस्वीर नहीं है।

## केजरीवाल और उनके मंत्रियों के इलाज पर 4 साल में 50 लाख से ज्यादा खर्च



**नई दिल्ली।** पिछले 4 सालों के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और अन्य कैबिनेट मंत्रियों के इलाज पर सरकारी खजाने से 35 लाख रुपये से ज्यादा की रकम खर्च हुई है। बीजेपी ने एक आरटीआई के जरिए मिली जानकारी के हवाले से यह खुलासा किया है। इसमें से करीब 25 लाख रुपये अकेले सीएम और डेप्युटी सीएम व उनके परिजनों के इलाज पर खर्च किए गए हैं। बीजेपी ने इस जानकारी के हवाले से पूछा है कि जब सीएम अरविंद केजरीवाल दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में तमाम सुविधाएं देने का दावा करते हैं और मोहल्ला क्लिनिकों की तारीफ करते नहीं थकते, तो फिर उन्होंने और उनके मंत्रियों ने अपना या अपने परिजनों का इलाज महंगे प्राइवेट अस्पतालों में क्यों कराया।

सभी कॉमेंट्स देखेंअपना कॉमेंट लिखेंदिल्ली बीजेपी अध्यक्ष मनोज तिवारी ने बताया कि आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक केजरीवाल के इलाज पर सरकारी खजाने से कुल 12,18,027 रुपये खर्च किए गए। मनीष सिसोदिया ने 4 साल में 35 बार इलाज कराया, जिस पर कुल 13,25,329 रुपये खर्च हुए। इसमें डेप्युटी सीएम के खुद के इलाज का एक भी खर्च नहीं है। यह सारा खर्च उनके फैमिली मेंबर्स के इलाज पर किया गया। मंत्री गोपाल राय और उनके परिजनों के इलाज पर 7,22,558 रुपये खर्च हुए, जबकि इमरान हुसैन और उनके परिजनों के इलाज पर 2,46,748 रुपये खर्च हुए। मंत्री सत्येंद्र जैन और उनके परिजनों के इलाज पर सबसे कम 60,293 रुपये खर्च हुए, जबकि कैलाश गहलोत के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि किसी को भी, कभी भी, कोई भी बीमारी हो सकती है और हर कोई अच्छे से अच्छा इलाज कराना चाहता है। बीजेपी इसके खिलाफ नहीं है।

## बदमाशों ने लूटे 50 लाख रुपये के एलईडी टीवी

**मेहंदीगंज।** बिहार की राजधानी पटना में बेखौफ लुटेरों की एलईडी टीवी लूटने वाला विडियो सामने आया है। विडियो में एक एलईडी शोरूम के गोदाम में दो लुटेरे एलईडी टीवी को डिब्बे सहित उठाकर ले जाते दिख रहे हैं। यह विडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसके बाद पटना में कानून-व्यवस्था एक बार सवालिया घेरे में है।

घटना 20 अक्टूबर को पटना के मेहंदीगंज इलाके की बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रविवार रात करीब ग्यारह बजे एक पिकअप वैन का ड्राइवर गोदाम पहुंचा।

उसके पीछे लुटेरे आए। उन्होंने गार्ड से सामने के गोदाम में काम करने की बात कहकर पीने के लिए पानी मांगा। इसके बाद लुटेरों ने गार्ड के बंदूक तान दी और मोबाइल छीन लिया। सूत्रों के अनुसार लुटेरों ने गार्ड को बंधक बना लिया और गोदाम का शटर खोलकर 50 लाख रुपये की कीमत वाले लगभग 250 एलईडी टीवी लूट लिए। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए।

## 120 की रफ्तार में पलटी कार, 2 युवकों की मौत

**नोएडा।** लगभग 120 किमी की रफ्तार से भाग रही कार सेक्टर 47 के पास पलट गई। हादसा इतना भयावह था कि डिवाइडर से टकराने के बाद कार कई बार पलटने के बाद रुकी। ट्रैवेल कंपनी में काम करने वाले 3 युवक कार में सवार थे। 2 युवकों की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। दिल्ली में कंपनी की मीटिंग में हिस्सा लेकर तीनों ग्रेटर नोएडा अपने घर जा रहे थे।

# सिर्फ सोचिए मत कि घूमने जाना है, अब बैग उठाइए और निकले कोन्नी

पंबा नदी के किनारे बसे केरल के अरनमुला शहर को टूरिस्ट दूर-दूर से देखने आते हैं। ऐतिहासिक धरोहरों को समेटे यह जगह अपनी खूबसूरती के कारण भी लोगों को पसंद आती है। अगर आप भी नेचर लवर हैं तो अरनमुला से करीब 25 किमी दूर स्थित कोन्नी आना न भूलें। इस गैलरी के जरिए हम आपको कोन्नी के बारे में बता रहे हैं...

**हाथियों का 'क्रॉल' देखने आते हैं लोग**

हाथियों की ट्रेनिंग वाले कोन्नी शहर में अडवेंचर के लिए काफी सारी चीजें हैं। यहां हाथियों का 'क्रॉल' देखने भी लोग आते हैं। बता दें, जिस जगह हाथियों को प्रशिक्षित किया जाता है, उसे क्रॉल कहते हैं। ये वे हाथी होते हैं जो छोटी उम्र में अपने झुंड से भटक जाते हैं। इन्हें लकड़ी से बने बड़े-बड़े पिंजरों में रखा जाता है और तरह-तरह की प्रक्रिया से गुजारते हुए ट्रेन्ड किया जाता है। ये हाथी बाद में केरल के मंदिरों में अलग-अलग तरह के विधि-विधान संपन्न करने के दौरान इस्तेमाल में लाए जाते हैं। कोन्नी के जंगल के भीतरी हिस्से में हाथियों की सफारी भी कराई जाती है।

**हर किसी का मोह लेता है मन**

प्राकृतिक खूबसूरती के कारण मशहूर कोन्नी के जंगल, पहाड़ और जीव-जंतु किसी का भी मन मोह लेते हैं। यहां बेंत से बनी गोल नाव की सवारी का आनंद भी अद्भुत होता है। यह स्थान ईको टूरिजम को समर्पित है। केरल सरकार का टूरिजम डिपार्टमेंट इसके



लिए तमाम व्यवस्थाएं करता है।

**ट्रेकिंग करने वाले विदेशी**


कोन्नी में लोग ट्रेकिंग करने के लिए भी पहुंचते हैं। दिलचस्प यह है कि यहां के जंगलों में प्रशिक्षित गाइड के अलावा ट्रेकिंग करने वाले भी ज्यादातर विदेशी होते हैं। यहां ट्रेकिंग अलग ही तरह का एक्सपीरियंस देती है। कोन्नी में जंगली सुअर, हाथी, तेंदुआ और दूसरे कई जानवर व पक्षी आसानी से देखे जा सकते हैं। बता दें, यहां इलायची और काली मिर्च की खेती होती है।

**कैसे पहुंचें कोन्नी जाएं**

इस खूबसूरत जगह तक पहुंचने के लिए केरल के अरनमुला पहुंचना होगा। ट्रेन से आने के लिए सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन चेंगनूर तो एयरपोर्ट तिरुवनंतपुरम है। इसके बाद कोन्नी पहुंचने के लिए टैक्सी और बस की सुविधा उपलब्ध है।

**कौन सा समय है बेस्ट**

कोन्नी की खास बात यही है कि यहां चाहे मॉनसून के टाइम आएं या बाद में, मौसम हमेशा ही सुहावना रहता है। इस दौरान ट्रेकिंग करते वक्त खूबसूरत नजारे देखने को मिलते हैं।



## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
संतान की चिंता रहेगी। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा। भागदौड़ रहेगी। शत्रु भय रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धनार्जन होगा।

**सिंह**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी।

**धनु**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कुसंगति से बचें। राजकीय बाधा दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**वृष**
शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। विवाद से बचें। सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**कन्या**
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**मकर**
भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति होगी। घर में तनाव संभव है। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**मिथुन**
भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे।

**तुला**
पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**कुंभ**
स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ होगा।

**कर्क**
फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी।

**वृश्चिक**
चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। मानसिक अशांति बढ़ेगी।

**मीन**
व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। अशुभ सूचना मिल सकती है। मानसिक अशांति बढ़ेगी। विवाद से क्लेश संभव है।

# अडवेंचर और वाइल्ड लाइफ पसंद है, तो जरूर जाएं सिमलिपाल राष्ट्रीय उद्यान

**अडवेंचर ट्रिप के लिए किसी नई जगह की तलाश में हों तो मयूरभंज को आपकी प्लेस टू गो लिस्ट में शामिल कर लीजिए। ये जगह अडवेंचर के साथ ही नेचर के अलग-अलग रंगों से रूबरू करवाती है और अगर कहीं आपको वन्यजीवों से लगाव है। तब तो यह आपके लिए बिल्कुल मुफीद जगह है। जी हां उड़ीसा के मयूरभंज में स्थित सिमलिपाल राष्ट्रीय उद्यान को इन तमाम बातों के साथ ही प्रकृति की शानदार खूबसूरती के लिए भी जाना जाता है। आइए जानते हैं...**



अगर आप इस उद्यान के नाम को लेकर थोड़ा अजीब महसूस कर रहे हों तो बता दें कि यह नाम सेमल और लाल कपास के पेड़ों की वजह से पड़ा। जो कि यहां अधिक से अधिक मात्रा में पाया जाता है। इस शानदार उद्यान का क्षेत्र भी काफी ज्यादा है। साथ ही खूबसूरत झरनों के चलते यह जगह और भी ज्यादा अट्रैक्टिव हो जाती है। सिमलिपाल में हाथी, बाघ और हिरन के साथ ही पक्षियों की कई अन्य प्रजातियां पाई जाती हैं। खास बात यह है कि आप इन्हें करीब से देख सकते हैं।

**जाने का सही समय**

सिमलिपाल राष्ट्रीय उद्यान जाने के लिए सबसे सही समय सितंबर माह से ही शुरू हो जाता है। इसके साथ ही सैलानियों की भी आमद होने लगती है। बता दें कि यह सिलसिला मार्च तक चलता रहता है। इसकी वजह यह है कि सितंबर से मार्च तक का समय यहां के लिए बेस्ट होता है। इस दौरान यहां का मौसम बेहद खूबसूरत हो जाता है।

**ऐसे पहुंच सकते हैं**

अगर आप सिमलिपाल हवाई मार्ग से पहुंचना चाहते हैं तो भुवनेश्वर और कोलकाता इसके लिए सबसे नजदीकी एयरपोर्ट होगा। वहीं रेल मार्ग से जाना चाहें तो बारीपादा से बालासोर जाना होगा। यहां से तकरीबन सभी बड़े शहरों के लिए ट्रेनों का संचालन होता है। अगर आप सड़क मार्ग से जाना चाहें तो भुवनेश्वर, कोलकाता और बालासोर से जा सकते हैं। यहां से उद्यान तक जाने के लिए परिवहन सुविधाएं चलती रहती हैं।

# भारत ने तीसरे टेस्ट में साउथ अफ्रीका को पारी और 202 रनों से हराया, सीरीज में क्लीन स्वीप




**रांची।** भारत ने साउथ अफ्रीका को तीसरे टेस्ट में पारी और 202 रनों से हरा दिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। रांची में मंगलवार को मैच के चौथे दिन भारत ने मैच जीत लिया। तीसरे दिन भारत ने साउथ अफ्रीका के 8 विकेट 132 रनों पर चटका दिए थे। उसे मैच जीतने के लिए सिर्फ दो विकेट की दरकार थी जो दिन के दूसरे ओवर में ही हासिल कर लिए। लुंगी नगिडी आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे। आखिरी दोनों विकेट शाहबाज नदीम ने हासिल किए। चौथे दिन भारत ने सिर्फ 9 मिनट और दो ओवरों में मैच अपने नाम कर लिया।

भारत ने तीसरे दिन सोमवार का खेल खत्म होने तक दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में आठ विकेट 132 रनों पर ही चटका दिए थे। भारत ने अपनी पहली पारी नौ विकेट के नुकसान पर 497 रनों पर घोषित की थी। इसके बाद तीसरे ही दिन साउथ अफ्रीका को पहली पारी में 162 रनों पर ढेर कर उसे फॉलोऑन दिया। दूसरी पारी में भी दक्षिण अफ्रीका की स्थिति बदल नहीं सकी और टीम लगातार विकेट खोती रही।

तीसरे दिन वह भारत से 203 रन पीछे थी और भारत को जीत के लिए सिर्फ दो विकेट चाहिए थे। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक थेयुनिस डे ब्रूयन 30 रन बनाकर खेल रहे थे। ब्रूयन इस मैच में अंतिम-11 में नहीं थे, लेकिन सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर (16) के चोटिल होने के बाद वह कनसेशन खिलाड़ी के तौर पर मैदान में आए। उनके अलावा जॉर्ज लिंडे ने 27, डीन पीट ने 23 रन बनाए।

पहली पारी में जल्दी ढेर होने वाली मेहमान टीम दूसरी पारी में भी बल्ले से कमाल नहीं दिखा सकी और भारतीय गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती रही। दूसरे सत्र में अपनी दूसरी पारी शुरू करने वाली दक्षिण अफ्रीका ने चायकाल तक अपने चार विकेट 26 रनों पर ही खो दिए थे। क्विंटन डि कॉक (5) को उमेश यादव ने पांच के कुल स्कोर पर बोल्ड किया। पहली पारी में अर्धशतक जमाने वाले जुबेर हमजा को शमी ने खाता नहीं खोलने दिया। कप्तान फाफ डु प्लेसिस दूसरी पारी में सिर्फ चार रन बना सके और शमी का शिकार बने।

टेम्बा बावुमा को शमी ने अपना अगला शिकार बनाया। इस दौरान डीन एल्गर को उमेश यादव की गेंद लगी और वह बाहर चले गए। तीसरे सत्र में हेनरिक क्लासेन (5) को उमेश ने 36 के कुल स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। यहां से साउथ अफ्रीका की हार तय हो गई थी। उसके निचले क्रम ने हालांकि थोड़ा बहुत संघर्ष किया।

जॉर्ज लिंडे ने 27 और डेन पीट ने 23 रन बनाए। कगिसो रबाडा 12 रन बनाकर अश्विन का शिकार बने। इस बीच ब्रूयन ने एक छोर संभाले रखा और किसी तरह तीसरे दिन ही अपनी टीम को हार से बचा लिया। उनके साथ एनरिक नोर्टजे पांच रन बनाकर खड़े हुए हैं। भारत को चौथे दिन सिर्फ दो विकेट चाहिए जिसके बाद वह इस सीरीज से पूरे 120 अंक लेने में सफल रहेगा।

इससे पहले, साउथ अफ्रीका ने दिन की शुरूआत अपनी पहली पारी के स्कोर दो विकेट के नुकसान पर नौ रनों के साथ की थी। उसके अधिकतर बल्लेबाज संघर्ष करते रहे। हमजा ने पहली पारी में टीम के लिए सबसे ज्यादा 62 रन बनाए। उन्होंने बावुमा (32) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की।

इस साझेदारी के अलावा लिंडे (37) और नोर्टजे (4) आठवें विकेट के लिए 32 रन जोड़े जो इस पारी में साउथ अफ्रीका के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। तीन बल्लेबाजों के अलावा कोई और बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। भारत के लिए उमेश यादव ने तीन विकेट लिए। मोहम्मद शमी, शहबाज नदीम, रवींद्र जडेजा के हिस्से दो-दो सफलताएं आईं।

## जीत के बाद बोले कोहली, मुझे इस टीम पर गर्व है



**रांची।** भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 3-0 से जीत हासिल की। मंगलवार को रांची टेस्ट के चौथे दिन भारत ने साउथ अफ्रीका को पारी और 202 रनों से हरा दिया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ यह भारत की सबसे बड़ी जीत है। मैच के बाद कप्तान विराट कोहली अपनी टीम के प्रदर्शन से काफी खुश नजर आए। कोहली ने कहा, 'यह शानदार है। एक टीम के रूप में हमने जिस तरह का प्रदर्शन किया है वह गर्व की बात है।'

भारत ने घरेलू धरती पर लगातार 11 टेस्ट सीरीज जीतकर एक रेकॉर्ड बना दिया है। मैच प्रजेंटेशन में कोहली ने जीत के बाद कहा, 'यह बहुत शानदार है, आप लोगों ने इस बारे में काफी बात की है। एक टीम के तौर पर हमारा प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। मुझे अपनी पूरी टीम पर गर्व है। विदेशी दौरों पर भी हमने हर मैच में कड़ा मुकाबला दिया है।' कोहली ने टीम की मानसिक दृढ़ता की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'टीम की मानसिक दृढ़ता देखना लाजवाब है। यह सीरीज हमारे लिए बहुत अच्छी रही है।'

सीरीज में एक दोहरे शतक समेत कुल 317 रन बनाने वाले कोहली ने कहा, 'दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए आपको बहुआयामी होना पड़ता है। हमारी टीम में सिर्फ ईशांत शर्मा ही अनुभवी तेज गेंदबाज थे। फील्डर्स ने भी कड़ी मेहनत की। हमारी टीम की कैचिंग भी अच्छी रही।'

कोहली ने कहा कि जब टीम मिलकर खेलती है तो देखना अच्छा लगता है। हमारे पास बहुत अधिक अनुभव नहीं था लेकिन हमारा खेल बहुत अच्छा रहा। कोहली ने कहा, 'हमारा विश्वास है कि हम दुनिया में कहीं भी जीत सकते हैं। खेल के नतीजे काफी हद तक माइंडसेट और मेहनत पर निर्भर करते हैं।' कप्तान ने कहा कि सिर्फ टेस्ट क्रिकेट ही नहीं हम सीमित ओवरों के प्रारूप में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने 'भारत की लक्ष्मी' अभियान को किया सपॉर्ट



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड चैंपियन भारत की बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'भारत की लक्ष्मी' अभियान का समर्थन किया है। उन्होंने सोमवार को एक विडियो शेयर किया जिसमें वह और बॉलिवुड ऐक्ट्रेस दीपिका पादुकोण भी नजर आ रही हैं।

विडियो में सिंधु और दीपिका समाजसेविका सिंधुताई सप्काल के बारे में बताती नजर आ रही हैं। विडियो में दोनों बता रही हैं- कहते हैं कि एक लक्ष्मी अपने घर में समृद्धि और सुख लाती है लेकिन सिंधु ताई जैसे देश की बेटियां पूरे भारत का नाम रोशन करती हैं। यह दीवाली ऐसी ही भारत की लक्ष्मियों के नाम करें।

दरअसल यह अभियान पीएम नरेंद्र मोदी की सोच पर आधारित है। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा था कि क्या इस दीवाली ऐसी महिलाओं का सम्मान हम कर सकते हैं, भारत की इस लक्ष्मी के सम्मान का कार्यक्रम कर सकते हैं। उन्होंने कहा था कि हमारे आसपास कई ऐसी बेटियां, बहुएं, महिलाएं होंगी जो अपनी मेहनत, लगन और टैलेंट से परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर रही हैं, असाधारण काम कर रही होंगी। उन्होंने सोशल मीडिया में ज्यादा से ज्यादा भारत की लक्ष्मी हैशटैग के साथ ज्यादा से ज्यादा कहानियां शेयर करने को भी कहा था।

महाराष्ट्र की सिंधु ताई एक समाजसेविका हैं जो अनाथ बच्चों के लिए काम करती हैं। उनकी शादी महज 10 साल की उम्र में उनसे अधिक उम्र के व्यक्ति से कर दी गई थी। कुछ सालों बाद आगे पढ़ने की इच्छा जताई तो ससुराल वालों ने विरोध करते हुए उन्हें घर से निकाल दिया था। तब वह गर्भवती थीं। उन्होंने काफी समय तक ट्रेनों में भीख मांगी और श्मशान घाट तक में रातें बिताईं। बाद में उन्होंने अनाथ बच्चों को सहारा देना शुरू किया और आज 1000 से ज्यादा अनाथ बच्चों की वह मां हैं।

## तीन महीने बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में दिखे धोनी

**रांची।** भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका का पहली बार सीरीज में क्लीनस्वीप किया है। टीम जब जीत के जश्न में डूबी थी तभी एक खास मेहमान ने ड्रेसिंग रूम में जाकर टीम को बधाई दी। यह शख्स कोई और नहीं टीम इंडिया के पूर्व कप्तान- महेंद्र सिंह धोनी थे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने धोनी की एक तस्वीर ट्वीट की है जिसमें वह शाहबाज नदीम से बात कर रहे हैं। नदीम भी झारखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 22 जनवरी 2020 को आलिया-रणबीर कपूर की शादी?



**रणबीर** कपूर और आलिया भट्ट ने जब से पब्लिकली अपने प्यार का इजहार किया है, तभी से उनकी शादी की खबरें खूब जोरों पर हैं। बीच में एक ऐसी भी खबर आई जिसमें कहा गया कि दोनों 2020 में शादी कर लेंगे। ऐसी ही एक खबर फिर से जोर पकड़ रही है कि रणबीर और आलिया अगले साल 22 जनवरी को शादी करेंगे। इस बारे में जब आलिया से पूछा गया तो उनका रिऐक्शन कुछ अलग ही था। आलिया को जब हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया तो यहां उनसे एक रिपोर्टर ने इस खबर के बारे में पूछा। रिपोर्टर ने कहा, मैम एक खबर मिली है, कन्फर्म है क्या? 22 जनवरी 2020? इस पर आलिया ने हंसते हुए कहा, 'क्या बताऊं'। अब आलिया तो कुछ नहीं बोलीं, लेकिन उनकी स्माइल काफी कुछ कह गई। इसी बीच सोशल मीडिया पर आलिया और रणबीर की शादी का कार्ड वायरल हो गया है। इस कार्ड में भी यही बात छपी है कि आलिया और रणबीर 22 जनवरी 2020 को राजस्थान के जोधपुर स्थित उम्मेद भवन पैलेस में शादी करेंगे। लेकिन आपको बता दें कि यह कार्ड फेक है और उसे फोटोशॉप करके बनाया गया है। कार्ड में कई सारी स्पेलिंग और ग्रामर की गलतियां हैं। अब देखना यह है कि रणबीर और आलिया कब अपनी शादी की अनाउंसमेंट करते हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि दोनों सच में 2020 में ही शादी करेंगे? वैसे फिलहाल दोनों अपने प्रफेशनल प्रॉजेक्ट्स को निपटाने में बिजी हैं।




# 'भारत की लक्ष्मी' के समर्थन में पीएम मोदी के साथ आगे आईं दीपिका पादुकोण

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अपने अगले प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में हैं। दीपिका पादुकोण अगले साल फिल्म छपाक और '83' में नजर आएंगी। दीपिका ने अपने एक्टिंग से वो मुकाम हासिल किया है जिसे पाना हर एक्ट्रेस का सपना होता है। वहीं, दीपिका सोशल वर्क में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं। अब दीपिका पादुकोण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल 'भारत की लक्ष्मी' का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसमें उनके साथ वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियन पीवी सिंधु भी इस योजना में भाग लेने का फैसला किया है। दीपिका और सिंधु ने अपने सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो साझा किया है। वीडियो में, इन दोनों आइकॉन्स को इस पहल के बारे में बात करते हुए देखा जा सकता है जिसका मकसद देशभर में महिलाओं द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को प्रकाश में लाना है। पीएम मोदी ने ट्वीट कर इस योजना की जानकारी दी थी। पीएम ने ट्वीट करते हुए लिखा था, भारत की नारी शक्ति प्रतिभा और तप, दृढ़ संकल्प और समर्पण का प्रतीक है। हमारे लोकाचार ने हमें हमेशा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयास करना सिखाया है।



# अब 'हेरा फेरी 3' से अक्षय को रिप्लेस करने जा रहे हैं कार्तिक आर्यन?



**बॉलिवुड** के लेटेस्ट हार्टथ्रोब कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के सबसे डिमांडिंग ऐक्टर्स में से एक बन गए हैं। नॉन फिल्मी बैकग्राउंड होने के बाद भी वह डायरेक्टर्स और प्रड्यूसर्स की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। अब ऐसा लग रहा है कि वह इन दिनों हिट फिल्मों के सीक्वल्स के लिए भी सबसे बेस्ट ऑप्शन बन गए हैं। लड़कियों और बच्चों के फेवरिट कार्तिक ने पहले 'भूल भुलैया 2' साइन की जिसके पहले पार्ट में अक्षय कुमार नजर आए थे। अब खबर है कि हेरा फेरी के तीसरे पार्ट में वह अक्षय वाला पार्ट प्ले कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अक्षय की जगह तो कार्तिक ले सकते हैं लेकिन परेश रावल और सुनील शेट्टी पहले की तरह अपने-अपने किरदारों में दिखेंगे।